28/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों की 95 सीटों पर सात मई को वोट डाले जाएंगे। तीसरे दौर में कुल एक हजार तीन सौ इक्यावन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से छोटे किसानों की लागत कम करने और कृषि उपज के लिए बाजार खोलने में सहायता की है।

श्री मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने ईवीएम पर संदेह करने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठी बातें कर लोकतंत्र को कमज़ोर कर रही है। प्रधानमंत्री ने राजा-महाराजाओं द्वारा अपनी प्रजा से धन की उगाही करने और नागरिकों पर अत्याचार करने के राहुल गांधी के आरोप की आलोचना की।

0000000000000000000

कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि उनकी पार्टी लोगों से वादा किए गए सभी पांच न्याय और 25 गारंटियों को पूरा करेगी। वह गुवाहाटी में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पिछले दस सालों के दौरान लोगों से किए गए वायदे पूरे नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। श्री खरगे ने हर वर्ष दो करोड नौकरियां उपलब्ध कराने और किसानों की आय को दोगुना करने में असफल रहने पर भाजपा सरकार की आलोचना की। वे आज दोपहर बाद बारपेटा जिले में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में एक रैली

में भाग लेंगे।

000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लोकायुक्त के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) प्रशांत कुमार सैकिया का शनिवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दिवंगत सैकिया के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री खांडू ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश पीके साकिया एक बहुमुखी व्यक्तित्व थे और समाज में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक (सेवानिवृत्त) ने भी राज्य लोकायुक्त अध्यक्ष के निधन पर शोक व्यक्त किया है। एक संदेश में उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति सैकिया के अचानक निधन से, अरुणाचल प्रदेश ने एक कर्तव्यनिष्ठ लोकपाल और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक योद्धा को खो दिया है। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की ओर से शोक व्यक्त किया और उनकी आत्मा की शांति ke liye प्रार्थना की। गौहाटी उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति सैकिया ने 27 जून, 2019 को अरुणाचल प्रदेश लोकायुक्त के पहले अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी।

000000000000000000000

तवांग में, भारतीय सेना ने आज तवांग सैन्य स्टेशन पर जिले के पूर्व सैनिक और वीर नारियों के लिए एक पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत तवांग युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ 1962 के युद्ध के बहादुर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूरे तवांग जिले से 150 से अधिक पूर्व सैनिक, वीर नारी, पूर्व सैनिकों के परिजन एकत्र हुए। इस अवसर पर, विभिन्न रेजिमेंट के

कार्यालयों के कर्मचारी भी पूर्व सैनिकों के लिए पेंशन संबंधी किसी भी मुद्दे को सुविधाजनक बनाने और हल करने के लिए उपलब्ध थे।

00000000000000000000

ईटानगर रोंगाली बिहू संमिलन-2024 का रजत जयंती समारोह आज संपन्न। असमिया एसोसिएशन ईटानगर द्वारा 27 से 28 अप्रैल तक डीके कन्वेंशन हॉल में दो दिवसीय रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। ईटानगर राजधानी क्षेत्र के आसपास रहने वाले असमिया समुदाय ने रजत जयंती समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्सव के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं हुईं। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने लोक बिहू नृत्य प्रस्तुत किया।

00000000000000000000

निर्वाचन आयोग ने बाहरी मणिपुर निर्वाचन-क्षेत्र में छह मतदान केंद्रों पर मंगलवार 30 अप्रैल को दोबारा मतदान के निर्देश दिए हैं। पुनर्मतदान सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इन निर्वाचन-क्षेत्रों में पिछले शुक्रवार को मतदान हुआ था। इन मतदान केंद्रों पर 26 अप्रैल को हुए मतदान को रद्द कर दिया गया है। इनमें से पांच मतदान केंद्र उखरूल में और एक सेनापति जिले में है।

00000000000000000000

चीन के शंघाई में, तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय टीम ने अब तक 5 स्वर्ण, 2 रजत और एक कांस्य सहित आठ पदक जीते हैं। रिकर्व पुरुष टीम स्पर्धा में धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव की तिकड़ी ने वर्तमान ओलिंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह पहला अवसर पर है जब तीरंदाज़ी विश्व कप फाइनल में भारत ने दक्षिण कोरिया को हराकर जीत दर्ज की है। इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के शामिल होने की संभावनाएं

बढ़ गई हैं।

0000000000000000000000

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से अरुणाचल प्रदेश पशुचिकित्सक संघ तेजू इकाई ने कल जिला पशुचिकित्सा अस्पताल तेजू में विश्व पशुचिकित्सा दिवस मनाया। इस वर्ष के विश्व पशु चिकित्सा दिवस समारोह का विषय है पशुचिकित्सक आवश्यक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं। इस अवसर पर पशुधन जागरूकता शिविर और पालतू जानवरों के मुफ्त एंटी-रेबीज टीकाकरण का आयोजन किया गया।

0000000000000000000000

असम में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार जोरों पर है। इस चरण में गुवाहाटी, बारपेटा, कोकराझार और ढुबरी सीट पर 47 उम्मीदवार मैदान में हैं। गुवाहाटी लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस और भाजपा-- दोनों दलों ने महिला उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा ने बिजुली कलिता मेधी को जबकि कांग्रेस ने मीरा बोरठाकुर गोस्वामी को उम्मीदवार बनाया है।

00000000000000000000